JALAUN POLICE

दिनांक – 25.03.2026

श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ एवं अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन कानपुर व पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र झांसी के निर्देशन व पुलिस अधीक्षक जालौन के नेतृत्व में यातायात जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत शहीद भगत सिंह चौराहा उरई पर क्षेत्राधिकारी व प्रभारी यातायात द्वारा विद्यालय परिवार के सहयोग से हेलमेट वितरण आयोजित किया गया।

आज दिनांक 25.03.2026 को जीवन ज्योति चंद्र कमल अकादमी, कालपी रोड, उरई की ओर से यातायात की टीम के साथ शहीद भगत सिंह चौराहे पर एक विशेष यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आमजन को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करना, सड़क दुर्घटनाओं में हो रही बढ़ोत्तरी को कम करना तथा हेलमेट पहनने के महत्व को समझाना था। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी यातायात श्री राजीव कुमार शर्मा जी साथ में प्रभारी यातायात श्री वीर बहादुर सिंह जी मय यातायात टीम के साथ लोगों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया तथा दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने की अनिवार्यता पर जोर दिया गया तथा साथ में जागरूक करते हुए पम्पलेट का भी वितरण किया गया।

कार्यक्रम के दौरान कुल 50 हेलमेट वितरित किए गए। उपस्थित अधिकारियों एवं विद्यालय परिवार द्वारा लोगों को यह संदेश दिया गया कि हेलमेट केवल एक नियम नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का महत्वपूर्ण साधन है। यातायात प्रभारी ने विद्यालय प्रबंधन के साथ बताया कि यह 03 दिवसीय यातायात जागरूकता कार्यक्रम है, जिसके अंतर्गत आगे भी हेलमेट वितरण किया जाएगा तथा अधिक से अधिक लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा, जिससे आमजनमानस अधिक से अधिक जागरूक हो और सड़क दुर्घटनाओं में और कमी लाई जा सके।

पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन के पर्यवेक्षण में ZFD (**Zero-Fatality District**) के कुशल संचालन के कारण अपना जनपद जालौन प्रदेश में लगातार सड़क दुर्घटनाओं में कमी आने के कारण अपना जनपद द्वितीय स्थान पर बरकरार बना हुआ है। जनपद जालौन यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के बारे में निरन्तर जागरुक किया जा रहा है।

यातायात पुलिस जालौन द्वारा लोगों को यातायात नियमों का पालन करने व दुर्घटनाओं से बचाव हेतु जगरुकता अभियान निरन्तर चलता रहेगा।